## जिला कामकाजी बैठक : प्रधानमंत्री के विकास कार्य अतुलनीय

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास को लेकर 21 जुन तक होगें आयोजन**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिला भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों ओर भाजपा शाशित केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 12 वर्ष पूर्ण होने को लेकर भाजपा की मासिक जिला बैठक राजस्थानी भवन बुरहानपुर में संपन्न हुई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के निमाड़ संभाग के प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ,जिला प्रभारी जी भट्ट , भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ,महामंत्री सर्व श्री चिंतामन महाजन , ईश्वर चौहान , संजय जाधव,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 12 साल बेमिसाल आयोजन को लेकर जिला टोली प्रभारी बलराज जी नावानी ,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को,महापौर माधुरी अतुल पटेल, पावरलुम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती नवलखे उपस्थित थे ।

बैठक को संबोधित करते हुवे निमाड संभाग प्रभारी सुरेन्द्र जी शर्मा ने प्रतिमाह होने वाली संगठन बैठक , देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी मोदी के 10 जुन 2026 को होने वाले भारत के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने के रिकार्ड को लेकर 5 जुन से 21 जुन तक होने वाले कार्यक्रम पर 5 जुन विश्व पर्यावरण दिवस का फीडबेग लिया , वही 21 जुन तक होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुवे किए जा सकने वाले नवाचार पर उपयुक्त सुझाव भी दिए। आपेन प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल की योजनाओं पर जानकारी उपस्थित भाजपा पदाधिकारीयों से चाही तो योजनाओं को बताने की होड कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों में लग गयी। धारा 370, राम मंदिर,ट्रीपल तलाक, नक्सलवाद एवं आतंकवाद पर प्रहार, कोरोना काल की वेक्सिन,स्वच्छ शौचालय, उज्वला योजना, सुर्य धर योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधी, युपीआई खाते, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,मुद्रा लोन, बेटी बचाओं ,बेटी पढाओं जैसी असंख्य योजनाओं का खाका मनमष्तिष्क पर उतर आया। आपने बुथ लेबल तक इसे पुहचाने,जन-जन तक पहुचाने , विरोधीयों तक पहुचाने की बात की।

जिला प्रभारी श्री क्षितिज जी भटट ने अपने ओजस्वी संबोधन में संगठन के कामकाज, मन की बात कार्यक्रम को बुथ लेबल तक पहुचाने, टीमवर्क के आधार पर भाजपा की रीती नीती को जन -जन तक पहुचाने की बात कही। आपेन विश्वास व्यक्त किया कि जिले का भाजपा कार्यकर्ता मेहनती होकर हर लक्ष्य को हासील करने का सामर्थ रखता है। आपने कहा कि ऐसे ही काम करते करते हम चुनाव तक पहुच जाएगें, और विश्वास है कि पुन: भाजपा सत्तासीन होगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने प्रतिमाह होने वाली बैठक जिला,मंडल,शक्ति केन्द्र,बुथ लेबल पर विस्तार से चर्चा की। आपने जिला,मंडल सहित अपेक्षित पदाधिकारीयों की वन टु वन उपस्थिति संबधी जानकारी प्राप्त कर अनुपस्थितो को निरंतर उपस्थित रहने की आवश्यकता बताई। उन्होने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के कार्यकाल और उसकी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुवे 5 जुन से 12 जुन तक आयोजीत होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुवे नवाचार के साथ सफलता पूर्वक सफल होने का विश्वास दिलाया। जिला टोली प्रभारी श्री बलराज जी नावानी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी के 12 साल बेमिसाल को लेकर कार्यक्रम के आयोजन पर बनाई गयी समितियों की जानकारी एवं उनके कार्य,आयोजन को लेकर नवाचार एवं बैठक के सुझाव को शामील करने की बात कही। संचालन जिला महामंत्री ईश्वा चौहान द्वारा आभार जिला महामंत्री संजय जाधव ने माना।

## ट्रैफिक सुधार के लिए पुलिस का विशेष यातायात अभियान

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित हुई बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात थाना प्रभारी श्री राजेश बारवाल द्वारा ऑटो चालकों के लिए विशेष जागरूकता एवं दस्तावेज सत्यापन अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान शहर में संचालित ऑटो रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित मार्गों पर वाहन संचालित करने,क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने तथा अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखने के संबंध में समझाइश दी गई। साथ ही चालकों को बताया गया कि वाहन के वैध दस्तावेज न केवल कानूनी आवश्यकता हैंए बल्कि यात्रियों की सुरक्षा एवं वाहन संचालन की वैधता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 27/05/2026 ऑटो की चेकिंग के दौरान निर्देशित किया गया कि वे आगामी 07 दिवस के भीतर अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे फिटनेस, परमिट, बीमा एवं अन्य वैध अभिलेख पूर्ण कर लें तथा उनकी प्रतियां यातायात थाने में जमा करने हेतु बताया गया था।

अभियान के तहत 12 ऑटो चालकों ने अपने वाहन दस्तावेज पूर्ण एवं वैध कर उन्हें यातायात थाने लाकर थाना प्रभारी यातायात श्री राजेश बारवाल द्वारा ऑटो पर ओके पास स्टीकर लगाकर रवाना किया। यह स्टीकर इस बात का प्रमाण होगा कि संबंधित वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज विधिवत पूर्ण हैं और वह नियमानुसार संचालन के लिए पात्र है।

यातायात थाना प्रभारी यातायात ने बताया कि श्ओके पास स्टीकर प्राप्त वाहन ही नियमानुसार संचालित किए जा सकेंगे। निर्धारित समयावधि के भीतर जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बुरहानपुर पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगाए ताकि शहर में संचालित सभी सार्वजनिक परिवहन वाहन निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित हों तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

## आंधी-तूफान से प्रभावित केला फसलों का निरीक्षण,भाजपा नेता पाटील पहुंचे खेतों में



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्राम इच्छापुर,भोटा एवं वारोली में आए तेज आंधी-तूफान एवं प्राकृतिक आपदा से केला फसलों को हुए भारी नुकसान का भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने खेतों में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा फसलों को हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।मौके पर उन्होंने जमीनी स्थिति का गहन अवलोकन कर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। किसानों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए गजेंद्र पाटील ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर तत्काल सर्वे प्रारंभ किए जाने का आग्रह किया ताकि किसानों को जल्द मुआवजा मिल सके।

**अन्नदाता देश की रीढ़ :-**गजेंद्र पाटील ने कहा कि अन्नदाता हमारे राष्ट्र की रीढ़ हैं। किसानों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण और संकट की हर घड़ी में उनके साथ खड़ा रहना ही हमारी भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चार दिवसीय समर कैंप

**बुरहानपुर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय,बुरहानपुर द्वारा आयोजित बच्चों के विशेष चार दिवसीय समर कैंप संस्कारों का इन्द्रधनु आयोजित किया गया जिसमें शनिवार को उपस्थित 45 बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण बुरहानपुर शहर की एकमात्र प्रॉस्टोडॉन्टिक्स विशेषज्ञ डॉ निमीशा कक्कड़ लाड द्वारा किया गया एवं सहयोग डॉ अशिता लाड इंदौर ए डॉ? सकीना मंसूरी द्वारा किया गया।इस अवसर पर विशेष तौर पर डॉ निमीशा द्वारा बच्चों को अपने दांतों की सुरक्षा और देखभाल कैसे करनी हैए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।शिविर में कई बच्चों का डॉक्टर्स द्वारा परीक्षण के दौरान जिस जिस कारण से परेशानी हो रही थी। उसको विशेष सभी बच्चों को अलग अलग लिखकर दिया गया।

## प्रभारी मंत्री सिलावट ने की प्राकृतिक आपदा सर्वेक्षण की समीक्षा

**किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी एवं त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे फसल क्षति सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कलेक्टर श्री हर्ष सिंह से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने शनिवार को तेज हवाओं एवं प्रतिकूल मौसम के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य पूरी पारदर्शिताए निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा अन्नदाताओं के सम्मान और अधिकारों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रभावित किसानों को शासन की निर्धारित सहायता का लाभ दिलाने हेतु सर्वेक्षण कार्य में गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।



**प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। सर्वेक्षण के दौरान पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा किसानोंए जनप्रतिनिधियों और स्थानीय स्तर पर प्राप्त तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष आकलन किया जाए।

**मांडवा प्रकरण में मां एवं शिशु को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश**

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने मांडवा प्रकरण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपचाररत मां एवं नवजात शिशु को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा हरसंभव सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन.प्रशासन की प्राथमिकता संवेदनशीलता के साथ राहत एवं सहायता उपलब्ध कराना हैए ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## गुमशुदा नाबालिग सकुशल बरामद



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एनगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 19/06/2026 को फरियादी द्वारा थाना गणपतिनाका हाजीर आकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष को कोई अज्ञात बदमाश बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गणपति नाका पर अपराध क्रमांक 117 / 26 धारा 137 ;2 इदे का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया

अनुसंधान के दौरान थाना प्रभारी गणपति नाका द्वारा टीम गठित की गई टीम के अथक प्रयासों से एवं साइबर सेल की मदद से अपहृता बालिका की जानकारी सूरत गुजरात में होने की पाई गई।टीम को गुजरात रवाना किया गया था टीम द्वारा अपहृता को दिनांक 04/06/2026 को सूरत से दस्तयाब किया गया।अपहृता बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश महाले, राजेश पाटील, आनंद श्रीवास रजनी सोलंकी की भूमिका रही।

## इच्छापुर के करीब 25 किसानों की केला फसल जमींदोज



**नवभारत न्यूज, इच्छापुर।** शनिवार दोपहर तीन बजे तेज आंधी हवा आने से ग्राम इच्छापूर के करीब 25 किसानो की केली फसल जमीनदोज हो गई। जिसमे कई किसानो की काली बस कसे हीवाली भी लेकीक इसके पहले ही किसानो के मुंह का निवाला लीकलीया किसी की 25.हजार 25.हजार 10 10 हजार हजार 18 हजार पाँच हजार केली हवाले किये गिर गई। ।इतना इतना नुकसान होने पर घर के चुल्हे नहीं जले जैसे कोई मौत हो चुकी है।इसके साथ साथण् साथ हवा से पेड भी गिर चुके है। किसानो का दुख हर्ष जानने पूर्व जिला अस अजय रघुवंशी जिला ग्रामीण अध्यक्ष रविद्र महाजन सोसद्?प्रति निधी गजेंद्र पारील किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश बुनगाड कैलाश आसरकर ने किसानो को खेन में जाकर देखा उन्होंने सिघ्र से सिघ्र उचित भुवाजा देने की बात करेगे किसानो ने कहा हमारा फसल बीमा होना चाही हमने कर्ज निकाल कर केली फसल बचाई कियाई ;प लेकर रासायनिक खाद लिक्युड मंहगे हामो का खाद लेक फसल को बयामा अब हमारे पास कुछ बयाही नहीं। इसको कख तयार करने में खर्च लगेगाण् खरीफ की फसल बोवनी करना है।सामय पास आया है।सरकार इस ओर ध्यान देने की पहल करे।

## सिंहस्थ 2028 के लिए दिया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश के पालन मे बुरहानपुर पुलिस द्वारा सिंहस्थ.2028 के सफल एवं शांति पूर्ण आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित 06 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

सिंहस्थ.2028 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन,कानून व्यवस्था संधारण एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिंहस्थ मेले मे भीड़ नियंत्रणध्अनुशासन बनाये रखने, आपदा प्रबंधन,वीआईपी सुरक्षा, यातायात प्रबंधनए संचार व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, सॉफ्ट स्किल खोया.पाया प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सहायता तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में अनुभवी अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागी को विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी पुलिसिंग, समन्वय एवं त्वरित निर्णय लेकर विधिसंगत संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के संबंध में भी विस्तार से जानकारी साझा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण दौरान बताया कि श्हमारा लक्ष्य केवल आयोजन को सुरक्षित बनाना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को बेहतर सहायता, त्वरित प्रतिक्रिया और सकारात्मक अनुभव उपलब्ध कराना भी है। प्रथम बैच के सफल समापन के साथ ही आगामी बैच का प्रशिक्षण भी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित किया जाएगा।

## पुरुषोत्तम मास में सामूहिक श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पवित्र श्री पुरुषोंत्तम मास ;अधिक मास में श्री लाड क्षेत्रिय परिषद के अंतर्गत,सामूहिक श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा एवं कथा संपन्न हुई। कुल 22 यजमान दंपत्तियों ने पूजा में भाग लिया। कुल तीन घंटे चली पूजा में दर्शन . कथा का लाभ लेने समाज के गणमान्य सदस्य आये थे। यजमान दंपत्तियों में मुख्य रुप से वीसालाड समाज के अध्यक्ष अतुल लाड, डॉ राकेश लाड, भरत श्रोफ , नरेश श्रोफ एवं यश श्रोफ ने भाग लिया। श्री लाड क्षेत्रिय परिषद के अध्यक्ष गोरधन श्रोफकी अध्यक्षता में यह प्रथम सफल प्रयास रहा।

विद्वान नितिनजी व्यास एवं अन्य ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजा . कथा श्री गणपतिजी की बाडी में संपन्न कराई गई। कथा पश्चात ब्राह्मणभोज हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के कोषाध्यक्ष चंद्रकांत श्रोफए नितिन दलाल एवं सौरभ श्रोफकी सराहनीय भूमिका रही।



कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सतीश गुप्ता,वीसालाड समाज के पूर्व अध्यक्ष रमणलाल बजाज ,धार्मिक समिति के प्रमुख राजेश श्रोफ, संजय शाह,संजय श्रोफ एवं समाज के मिडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता उपस्थित थे। समस्त जानकारी श्री लाड क्षेत्रिय परिषद के सदस्य एवं श्री सत्यनारायण भगवान सामूहिक पूजा . कथा समिति के संयोजक सतीश गुजराती ने दी।

## विद्यार्थी जीवन विकास शिविर का सफल समापन

**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गोलोक धाम खरकोद आश्रम में 4 से 7 जून तक आयोजित विद्यार्थी जीवन विकास शिविर का समापन उत्साह एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। शिविर में बुरहानपुर सहित इंदौर, धार, खंडवा एवं खरगोन जिलों से आए विद्यार्थियों ने सहभागिता कर जीवन निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्र सीखे। चार दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्तिए जीवन कौशल, बाल अधिकार एवं कानून, योग, प्राणायाम,ध्यान, व्यक्तित्व विकास तथा मोबाइल के दुष्प्रभाव जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समापन सत्र में गायत्री परिवार के दीपक कपाड़िया ने सफल विद्यार्थी जीवन के स्वर्णिम सूत्र् विषय पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए निरंतर साधना एवं स्वाध्याय को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



## गूंजी भगवान श्रीकृष्ण की महिमा, आज लगेगा 56 भोग

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** गायत्री नगर स्थित गायत्री माता एवं शिव मंदिर में पावन पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित 15 दिवसीय पुरुषोत्तम मास कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

कथा का वाचन आदरणीय गौरव बोरगांवकर महाराज द्वारा प्रतिदिन रात्रि 9 से 10 बजे तक किया जा रहा है। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

कथा के दौरान महाराज ने पुरुषोत्तम मास की उत्पत्ति और उसके आध्यात्मिक महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि इस मास को पहले मलमास कहा जाता था। उस समय इसका कोई सम्मान नहीं करता था और इसमें विवाहए गृह प्रवेशए वास्तु पूजन जैसे शुभ कार्य वर्जित माने जाते थे। उपेक्षा से दुखी होकर मलमास भगवान विष्णु के पास पहुंचा। भगवान विष्णु उसे श्रीकृष्ण के पास लेकर गए, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने उसकी परीक्षा लेकर उसे अपना नाम पुरुषोत्तम् प्रदान किया और सभी मासों में श्रेष्ठ स्थान दिया।

महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में किए गए जप, तप, व्रत, दान, पूजा.पाठ और तीर्थ स्नान का विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। यह मास आत्मिक उन्नति, मोक्ष और भगवान की विशेष कृपा प्राप्त करने का अवसर माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस मास की उपेक्षा करने वाला व्यक्ति पुण्य लाभ से वंचित रह जाता है।

आयोजकों के अनुसार पुरुषोत्तम मास के अवसर पर शुक्रवार को मंदिर में भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। कथा एवं धार्मिक आयोजनों में नगर के महिला.पुरुष बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

## 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर भारत का बड़ा मान : जिलाध्यक्ष डॉ . मनोज माने

**भाजपा निरंतर जनसेवा के प्रति संकल्पित होकर कार्य करती है . जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी निरंतर जनसेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करती है,इसी का प्रमाण हे आज देश में 22 राज्यों ओर केंद्र शाशित प्रदेशों में सत्तासीन होकर भारत को 2047 मे विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है । यह बात बुरहानपुर भाजपा जिला प्रभारी क्षितिज जी भट्ट ने ग्राम दरियापुर में अटल बिहारी वाजपेयी मंडल की बैठक को संबोधित करते हुवे कही।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुवे आव्हान किया कि इन योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ता अपनी सक्रियता ,भूमिका सुनिश्चित करे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज जी माने ने बुरहानपुर के ग्राम दरियापुर में भारतीय जनता पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी मंडल की मासिक बैठक बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी मासी होने वाले कार्यक्रमों, बूथ सशक्ति करण एवं जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी सरकार की केंद्र एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने पर विचार.विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की विचारधारा एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गणेश पाटील,मंडल प्रभारी सुनील वाघे जी सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### श्री स्वामीनारायण मंदिर में 22वें दिन भी किया दिव्य दुग्धाभिषेक ...

## एकादशी पर अम्रोत्सव, द्वादशी पर शाकोत्सव और चौदस पर छप्पन भोग अन्नकूट

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सीलमपुर स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला निरंतर जारी है।मंदिर में 22वें दिन भी भगवान लक्ष्मीनारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज पर दुग्ध की अविरल धारा बहती रही। सुगंधित द्रव्यों, शक्कर, पंचामृत तथा अनेक लीटर दूध से भगवान का दिव्य अभिषेक संपन्न हुआ।

अभिषेक के दौरान पूरा मंदिर परिसर लक्ष्मीनारायण देव की जय एवं हरिकृष्ण महाराज की जय के जयघोषों से गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान के दिव्य अभिषेक एवं दर्शन का लाभ प्राप्त किया।

अभिषेक के उपरांत मंदिर के कोठारी महंत पूज्य पी.स्वामी ने आगामी धार्मिक आयोजनों की विस्तृत जानकारी श्रद्धालुओं को प्रदान की। उन्होंने बताया कि 11 जून 2026ए एकादशी के पावन अवसर पर अम्रोत्सव एवं महापूजा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी भक्तजन अपने.अपने घरों से यथाशक्ति एवं यथाभक्ति विभिन्न प्रकार के आम 10 जून की रात्रि 8 बजे तक मंदिर में अर्पित करेंगे।



श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए करीब एक टन से अधिक आमों से भगवान को दिव्य भोग अर्पित किया जाएगा। यह विशेष आम भोग एकादशी के दिन श्रृंगार आरती के पश्चात भगवान को समर्पित किया जाएगा। इसके बाद महापूजा का आयोजन होगा, जिसमें 100 से अधिक दंपति एवं परिवार पूजा.अर्चना में सहभागी बनेंगे।

इसी प्रकार 12 जून 2026, द्वादशी को मंदिर में भव्य शाकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए भक्तजन 11 जून की रात्रि 8 बजे तक विभिन्न प्रकार की सब्जियां मंदिर में भेंट करेंगे।

शाकोत्सव में करेला, बैंगन,गिलकी,लौकी,भिंडी, परवल, टिंडा, पत्ता गोभी, फूल गोभी, आलू, टमाटर, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, नींबू, कश्मीरी कंद,कंदूरी,पुदीना, ककोड़ा, अरबी,इमली के फूल, कचनार के फूल, हथिया के फूल, शेगांव पाली, तुरई, बोकर, चोलापाली, मटर, ग्वार फली,वाल सहित अनेक प्रकार की मौसमी एवं देशी सब्जियों का विशाल भोग भगवान को अर्पित किया जाएगा। रंग.बिरंगी सब्जियों से सुसज्जित यह शाकोत्सव श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।